कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राजीब गोयल पुरस्कारों की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की गोयल पुरस्कार समिति ने युवा वैज्ञानिकों के लिये राजीब गोयल पुरस्कार की घोषणा की।**

मुख्य बिंदु:

- इस पुरस्कार में एक **पदक, प्रशस्ति-पत्र और 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार** शामिल है जिसके लिये **45 वर्ष से कम आयु के** देश के चार वैज्ञानिकों को युवा वैज्ञानिक श्रेणी में चुना गया है।
- प्राप्तकर्त्ता हैं:
  - **डॉ. सप्तर्षि बसु,** मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, बेंगलुरु, (एप्लाइड साइंसेज)।
  - **डॉ सेबेस्टियन सी. पीटर**, JNCASR, बेंगलुरु, (रासायनिक विज्ञान)।
  - **डॉ. बुशरा अतीक**, जैविक विज्ञान और बायोइंजीनियरिंग विभाग, IIT कानपुर (जीवन विज्ञान)।
  - **डॉ. संजीव कुमार अग्रवाल**, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, (भौतिक विज्ञान)।
- इन पुरस्कारों के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को**विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुए सम्मानित करता है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kurukshetra-university-announces-rajib-goyal-prizes